**भारत सरकार**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 3741**

**उत्तर देने की तारीख : 12.08.2025**

**वरिष्ठ नागरिक कल्याण पोर्टल**

**3741. श्रीमती अपराजिता सारंगी:**
**श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़:**
**श्रीमती स्मिता उदय वाघ:**

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए शुरू की गई ''एजिंग विद डिग्निटी'' (एडब्ल्यूडी) पहल की मुख्य विशेषताएं, उद्देश्य और प्रत्याशित परिणाम क्या हैं;

(ख) नया वरिष्ठ नागरिक कल्याण पोर्टल (एससीडब्ल्यूपी) किस प्रकार विशेषकर महाराष्ट्र सहित देशभर में सभी सरकारी योजनाओं, स्वास्थ्य देखभाल संबंधी लाभों और सामाजिक सुरक्षा तक निर्बाध सुलभता सुनिश्चित करता है;

(ग) आगामी वर्ष में राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत सहायता और सहायक उपकरण प्राप्त करने वाले लक्षित वरिष्ठ नागरिकों की कुल संख्या का, जलगाँव लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित महाराष्ट्र में राज्य और जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार वरिष्ठ नागरिकों के लिए सरकारी पहलों के माध्यम से पारंपरिक ज्ञान और पीढ़ीगत मूल्यों को संरक्षित करने के लिए कोई कार्यक्रम कार्यान्वित कर रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और जलगांव जैसे ग्रामीण और आकांक्षी जिलों में उनका क्या प्रभाव पड़ा है?

**उत्तर**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री**

**(श्री बी.एल. वर्मा)**

**(क)**: गरिमामय वृद्धावस्था (एजिंग विद डिग्निटी) की समग्र विषयवस्तु के अंतर्गत, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय एक ऐसे समाज का निर्माण करने का प्रयास करता है, जिसमें वरिष्ठ नागरिक स्वस्थ, खुशहाल, सशक्त, सम्मानजनक और आत्मनिर्भर जीवन जीने के साथ-साथ मजबूत सामाजिक और अंतर-पीढ़ीगत संबंध भी बनाए रखें। इस विषयवस्तु का उद्देश्य देश में वरिष्ठ नागरिकों की आवश्यकताओं और समस्याओं के प्रति समाज को अधिक समावेशी, सहानुभूतिपूर्ण और दयालु बनाना है।

**(ख):** वरिष्ठ नागरिक कल्याण पोर्टल (एससीडब्ल्यूपी) को महाराष्ट्र राज्य सहित पूरे देश में वरिष्ठ नागरिकों के लिए उपलब्ध सूचना, योजनाओं और सेवाओं का सुव्यवस्थित तरीके से उपलब्ध कराने के लिए एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में तैयार किया गया है।

यह पोर्टल वरिष्ठ नागरिकों के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी प्रदान करता है। इस पोर्टल पर वृद्धाश्रमों (राज्यवार/जिलावार), क्षेत्रीय संसाधन प्रशिक्षण केन्द्रों, मोबाइल मेडिकेयर इकाइयों, मंत्रालय द्वारा समर्थित फिजियोथेरेपी क्लीनिकों और पेंशनभोगी संघों (राज्यवार) की सूची उपलब्ध है। यह पोर्टल श्रम और रोजगार मंत्रालय के नेशनल कैरियर सर्विस पोर्टल के साथ एकीकरण के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को नौकरी के अवसर प्रदान करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है।

**(ग):** राष्ट्रीय वयोश्री योजना (आरवीवाई) के अंतर्गत, आयु संबंधी दुर्बलताओं से पीड़ित वरिष्ठ नागरिकों को उनके शारीरिक कार्यों को सामान्य बनाने के लिए सहायक उपकरण और सहायक यंत्र उपलब्ध करवाए जाते हैं। ये सहायक उपकरण और सहायक यंत्र 148 एलिम्को (भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम) केंद्रों (प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र (पीएमडीके)/क्षेत्रीय विपणन केंद्र (आरएमसी)/ एलिम्को सहायक उत्पादन केंद्रों (एएपीसी)/एलिम्को अधिकृत बिक्री और मरम्मत एजेंसी (एएएसआरए)) में शिविर मोड के साथ-साथ वॉक-इन मोड के माध्यम से वितरित किए जाते हैं। भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) आरवीवाई के अंतर्गत एकमात्र कार्यान्वयन एजेंसी है जो लाभार्थियों का मूल्यांकन करती है तथा सहायक उपकरणों और सहायक यंत्रों का वितरण करती है।

महाराष्ट्र राज्य और जलगांव लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सहित लाभार्थियों का राज्यवार और जिलावार विवरण **संलग्नक** में दिया गया है।

जलगांव लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर 8/5/2015 से 16/5/2025 तक मूल्यांकन शिविर आयोजित किए गए थे। 5,872 वरिष्ठ नागरिकों को 4.99 करोड़ रुपये मूल्य के 36,467 शारीरिक सहायक उपकरण एवं जीवन सहायक यंत्र देने के लिए चिन्हित किया गया है।

**(घ) और (ङ)**: सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने अंतर-पीढ़ीगत मूल्यों को बढ़ावा देने और संरक्षित करने के लिए तीनों पीढ़ियों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु अनेक उपाय किए हैं। इनमें अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 2024, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 पर वॉकथॉन का आयोजन और देश के वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और उनकी देखभाल के लिए शपथ-ग्रहण शामिल हैं।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने पारंपरिक ज्ञान को संरक्षित करने, पीढ़ीगत अंतर को पाटने तथा परिवारों में पोते-पोतियों के साथ दादा-दादी/नाना-नानी के संबंध को बढ़ावा देने के लिए आयुष मंत्रालय और ब्रह्माकुमारी के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन का उद्देश्य जलगांव जिले सहित पूरे देश में अंतर-पीढ़ीगत मूल्यों को बढ़ाना और पीढ़ियों के बीच संबंधों को बढ़ावा देना है।

**संलग्नक**

लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3741, जिसका उत्तर दिनांक 12/08/2025 को दिया जाना है, के भाग (ग) के उत्तर का संलग्नक

**वर्ष 2017 से राष्ट्रीय वयोश्री योजना (आरवीवाई) के लाभार्थियों की राज्यवार/जिलावार सूची**

| राज्य का नाम | जिले का नाम | लाभार्थियों की संख्या | उपकरणों की संख्या |
|---|---|---|---|
| अंडमान और निकोबार | उत्तर और मध्य अंडमान | 117 | 962 |
| | दक्षिण अंडमान | 230 | 1777 |
| आंध्र प्रदेश | चित्तूर | 1828 | 9280 |
| | पूर्वी गोदावरी | 799 | 6371 |
| | एलुरु | 62 | 121 |
| | गुंटूर | 497 | 6203 |
| | कृष्ण | 112 | 228 |
| | कुरनूल | 1007 | 5348 |
| | एनटीआर | 68 | 145 |
| | प्रकाशम | 170 | 374 |
| | श्री पोट्टी श्रीरामुलु | 2780 | 5968 |
| | श्रीकाकुलम | 431 | 4026 |
| | विशाखापत्तनम | 1704 | 4798 |
| | विजयनगरम | 273 | 2586 |
| अरुणाचल प्रदेश | चांगलांग | 14 | 72 |
| | पूर्वी सियांग | 384 | 3593 |
| | पापुम पारे | 604 | 2767 |
| | तवांग | 209 | 2147 |
| | पश्चिम कामेंग | 942 | 8300 |
| | पश्चिम सियांग | 568 | 5554 |
| असम | बक्सा | 1408 | 8026 |
| | बारपेटा | 1878 | 9429 |
| | कछार | 2389 | 10404 |
| | चिरांग | 879 | 4200 |
| | दरांग | 1454 | 8533 |
| | धेमाजी | 448 | 2322 |
| | धुबरी | 39 | 204 |
| | हैलाकांडी | 316 | 2399 |
| | होजाई | 794 | 4068 |
| | जोरहाट | 11 | 49 |
| | कामरूप | 1289 | 6706 |
| | कामरूप मेट्रो | 768 | 3274 |
| | करीमगंज | 702 | 3656 |
| | कोकराझार | 1235 | 16275 |
| | लखीमपुर | 762 | 4053 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | नागांव | 620 | 3325 |
| | नलबाड़ी | 4 | 11 |
| | शिवसागर | 188 | 906 |
| | सोनितपुर | 1 | 1 |
| | दक्षिण सलमारा मंचाचर | 11385 | 43933 |
| | तामुलपुर | 347 | 2103 |
| बिहार | अररिया | 3333 | 11969 |
| | औरंगाबाद | 546 | 6721 |
| | बांका | 24 | 131 |
| | बेगूसराय | 749 | 4569 |
| | भागलपुर | 4865 | 27221 |
| | भोजपुर | 2955 | 13074 |
| | बक्सर | 399 | 1376 |
| | दरभंगा | 1526 | 7911 |
| | गया | 251 | 1308 |
| | गोपालगंज | 2009 | 8004 |
| | जमुई | 205 | 1457 |
| | कटिहार | 1496 | 7346 |
| | खगरिया | 1239 | 6608 |
| | मधेपुरा | 2318 | 14352 |
| | मधुबनी | 4609 | 24148 |
| | मुजफ्फरपुर | 115 | 559 |
| | नालन्दा | 3377 | 14693 |
| | नवादा | 1151 | 5703 |
| | पश्चिम चंपारण | 236 | 1229 |
| | पटना | 2602 | 13856 |
| | पूर्वी चंपारण | 15 | 90 |
| | पूर्णिया | 85 | 911 |
| | रोहतास | 2742 | 17015 |
| | सहरसा | 990 | 4594 |
| | समस्तीपुर | 1946 | 12866 |
| | सीतामढ़ी | 759 | 5100 |
| | सुपौल | 461 | 2515 |
| | वैशाली | 1030 | 5843 |
| चंडीगढ़ | चंडीगढ़ | 660 | 2915 |
| छत्तीसगढ़ | बलौदाबाजार-भाटापारा | 111 | 484 |
| | बस्तर | 463 | 2900 |
| | बीजापुर | 31 | 283 |
| | बिलासपुर | 623 | 2918 |
| | दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा | 44 | 469 |
| | दुर्ग | 705 | 3684 |
| | जांजगीर-चंपा | 38 | 167 |
| | कबीरधाम | 29 | 77 |
| | कोरबा | 494 | 3961 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | महासमुंद | 670 | 5575 |
| | नारायणपुर | 76 | 610 |
| | रायगढ़ | 357 | 1814 |
| | रायपुर | 217 | 1234 |
| | राजनंदगांव | 2032 | 8941 |
| | सक्ती | 28 | 106 |
| | सारंगढ़ बिलाईगढ़ | 27 | 144 |
| | सुकमा | 242 | 983 |
| | उत्तर बस्तर कांकेर | 113 | 1014 |
| दिल्ली | मध्य | 2799 | 15846 |
| | पूर्व | 1187 | 9218 |
| | नई दिल्ली | 1284 | 6234 |
| | उत्तर | 336 | 2461 |
| | उत्तर पूर्व | 273 | 1446 |
| | उत्तर पश्चिम | 259 | 1876 |
| | शाहदरा | 36 | 185 |
| | दक्षिण | 311 | 1936 |
| | दक्षिण पश्चिम | 192 | 1070 |
| | पश्चिम | 1215 | 8175 |
| गोवा | उत्तरी गोवा | 3651 | 16080 |
| | दक्षिण गोवा | 1405 | 7057 |
| गुजरात | अहमदाबाद | 4206 | 17926 |
| | भरूच | 860 | 9285 |
| | बोटाड | 981 | 3772 |
| | गांधीनगर | 1161 | 6805 |
| | कच्छ | 45 | 88 |
| | खेड़ा | 367 | 1654 |
| | नर्मदा | 252 | 2096 |
| | राजकोट | 32 | 98 |
| | वडोदरा | 3088 | 7046 |
| | वलसाड | 343 | 1380 |
| हरियाणा | अम्बाला | 101 | 147 |
| | भिवानी | 350 | 3569 |
| | फरीदाबाद | 17583 | 92214 |
| | फ़तेहाबाद | 131 | 1156 |
| | गुरूग्राम | 213 | 1184 |
| | हिसार | 51 | 144 |
| | झज्जर | 57 | 298 |
| | जींद | 231 | 1400 |
| | कैथल | 55 | 184 |
| | करनाल | 2067 | 5758 |
| | कुरूक्षेत्र | 83 | 298 |
| | महेंद्रगढ़ | 1820 | 8946 |
| | नूह | 651 | 4307 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | पलवल | 1930 | 12126 |
| | पानीपत | 309 | 1595 |
| | रेवाड़ी | 403 | 2640 |
| | रोहतक | 711 | 6723 |
| | सिरसा | 110 | 218 |
| | सोनीपत | 4037 | 20995 |
| | यमुनानगर | 324 | 2205 |
| हिमाचल प्रदेश | बिलासपुर | 478 | 2796 |
| | चंबा | 151 | 1167 |
| | हमीरपुर | 75 | 184 |
| | कांगड़ा | 20 | 59 |
| | मंडी | 1613 | 7870 |
| | शिमला | 79 | 305 |
| | सोलन | 7 | 40 |
| | ऊना | 116 | 701 |
| जम्मू और कश्मीर | अनंतनाग | 59 | 185 |
| | डोडा | 577 | 2956 |
| | जम्मू | 952 | 4658 |
| | कठुआ | 371 | 1729 |
| | किश्तवाड़ | 244 | 1230 |
| | कुलगाम | 18 | 64 |
| | पुंछ | 149 | 596 |
| | पुलवामा | 101 | 536 |
| | राजौरी | 1338 | 6094 |
| | रामबन | 333 | 2191 |
| | रियासी | 285 | 1474 |
| | सांबा | 392 | 1207 |
| | शोपियां | 93 | 450 |
| | श्रीनगर | 2334 | 10802 |
| | उधमपुर | 436 | 2612 |
| झारखंड | बोकारो | 1725 | 13530 |
| | चतरा | 173 | 480 |
| | देवघर | 70 | 363 |
| | दुमका | 915 | 4291 |
| | पूर्वी सिंहभूम | 98 | 495 |
| | गिरिडीह | 341 | 961 |
| | गोड्डा | 96 | 564 |
| | गुमला | 21 | 66 |
| | हजारीबाग | 15 | 78 |
| | खूंटी | 990 | 5591 |
| | कोडरमा | 86 | 774 |
| | पाकुर | 702 | 2945 |
| | पलामू | 17 | 63 |
| | रामगढ़ | 19 | 103 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | रांची | 4407 | 21848 |
| | पश्चिमी सिंहभूम | 260 | 2294 |
| कर्नाटक | बागलकोट | 124 | 615 |
| | बेल्लारी | 586 | 1923 |
| | बेलगावी | 1249 | 2717 |
| | बेंगलुरु ग्रामीण | 182 | 678 |
| | बेंगलुरु शहरी | 3265 | 13094 |
| | बीदर | 1282 | 6215 |
| | चामराजनगर | 1130 | 3244 |
| | चिक्कमंगलूर | 753 | 2995 |
| | चित्रदुर्ग | 830 | 2895 |
| | दक्षिण कन्नड़ | 38 | 151 |
| | दावणगेरे | 2094 | 7845 |
| | धारवाड़ | 2143 | 7914 |
| | गडग | 98 | 146 |
| | कोडागू | 147 | 405 |
| | कोलार | 465 | 2781 |
| | मंड्या | 159 | 667 |
| | मैसूर | 672 | 2088 |
| | रायचूर | 125 | 870 |
| | शिवमोगा | 419 | 1837 |
| | उडुपी | 767 | 3374 |
| | उत्तर कन्नड़ | 658 | 3405 |
| | विजयपुरा | 136 | 691 |
| | यादगीर | 406 | 1780 |
| केरल | एर्नाकुलम | 1151 | 2392 |
| | कन्नूर | 669 | 4419 |
| | कासरगोड | 911 | 2274 |
| | कोट्टायम | 468 | 1476 |
| | कोझिकोड | 1507 | 4558 |
| | पलक्कड़ | 64 | 293 |
| | तिरुवनंतपुरम | 882 | 2099 |
| | वायनाड | 455 | 2014 |
| लद्दाख | कारगिल | 118 | 659 |
| | लेह लद्दाख | 205 | 896 |
| लक्षद्वीप | लक्षद्वीप जिला | 876 | 2949 |
| मध्य प्रदेश | अलीराजपुर | 126 | 584 |
| | अशोकनगर | 586 | 4622 |
| | बालाघाट | 3375 | 15707 |
| | बेतुल | 160 | 1473 |
| | भिंड | 588 | 3287 |
| | भोपाल | 161 | 572 |
| | छतरपुर | 2365 | 10583 |
| | छिंदवाड़ा | 628 | 2894 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | दतिया | 492 | 4879 |
| | गुना | 219 | 2002 |
| | ग्वालियर | 2075 | 9441 |
| | इंदौर | 807 | 3781 |
| | जबलपुर | 409 | 1687 |
| | खंडवा (पूर्वी निमाड़) | 738 | 3914 |
| | मंडला | 32 | 177 |
| | नरसिंहपुर | 285 | 1115 |
| | निवाड़ी | 12 | 58 |
| | पन्ना | 115 | 1050 |
| | राजगढ़ | 607 | 3050 |
| | रतलाम | 3021 | 18464 |
| | सागर | 2670 | 24563 |
| | सीहोर | 1776 | 8844 |
| | श्योपुर | 92 | 482 |
| | शिवपुरी | 145 | 765 |
| | सीधी | 751 | 5769 |
| | सिंगरौली | 171 | 1335 |
| | टीकमगढ़ | 1676 | 12560 |
| | उज्जैन | 3056 | 8424 |
| | विदिशा | 5852 | 43543 |
| महाराष्ट्र | अहमदनगर | 39501 | 228089 |
| | अमरावती | 1543 | 8240 |
| | भंडारा | 760 | 3904 |
| | बुलढाणा | 238 | 855 |
| | चंद्रपुर | 198 | 1082 |
| | धाराशिव | 706 | 3197 |
| | धुले | 1860 | 5006 |
| | गोंदिया | 71 | 364 |
| | हिंगोली | 1017 | 6850 |
| | जलगांव | 119 | 350 |
| | कोल्हापुर | 78 | 314 |
| | मुंबई | 696 | 3539 |
| | मुंबई उपनगर | 2036 | 10033 |
| | नागपुर | 33648 | 253162 |
| | नांदेड़ | 3428 | 21234 |
| | नंदुरबार | 229 | 1593 |
| | परभणी | 1781 | 6336 |
| | पुणे | 18135 | 187120 |
| | रत्नागिरि | 4570 | 31077 |
| | सांगली | 30 | 148 |
| | सतारा | 6556 | 42764 |
| | सोलापुर | 215 | 1128 |
| | ठाणे | 1 | 1 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | वर्धा | 790 | 3816 |
| | यवतमाल | 331 | 1368 |
| मणिपुर | बिष्णुपुर | 1177 | 5409 |
| | चंदेल | 541 | 6157 |
| | इंफाल पूर्वी | 2732 | 27159 |
| | इंफाल पश्चिम | 2112 | 12289 |
| | काकचिंग | 554 | 1901 |
| | नोनी | 310 | 4510 |
| | सेनापति | 725 | 3597 |
| | थौबल | 120 | 834 |
| मेघालय | पूर्वी खासी हिल्स | 4358 | 31273 |
| | री भोई | 1022 | 3383 |
| | पश्चिमी गारो हिल्स | 1711 | 12650 |
| | पश्चिमी जयंतिया हिल्स | 794 | 5290 |
| | पश्चिमी खासी हिल्स | 2508 | 13702 |
| मिजोरम | आइज़ोल | 1111 | 3589 |
| | लुंगलेई | 203 | 938 |
| | सेरछिप | 364 | 2565 |
| नागालैंड | दीमापुर | 1503 | 6503 |
| | किफायर | 961 | 6682 |
| | लोंगलेंग | 1507 | 7436 |
| | मोकोकचुंग | 995 | 5525 |
| | मोन | 1706 | 13872 |
| | तुएनसांग | 316 | 2760 |
| | वोखा | 277 | 1295 |
| ओडिशा | बालनगीर | 2530 | 11821 |
| | बालेश्वर | 420 | 2209 |
| | कटक | 2211 | 7034 |
| | ढेंकनाल | 512 | 3147 |
| | गजपति | 222 | 1074 |
| | कालाहांडी | 54 | 153 |
| | कंधमाल | 426 | 4876 |
| | केंद्रपाड़ा | 912 | 3524 |
| | केंदुझर | 77 | 357 |
| | खोरधा | 1609 | 7877 |
| | कोरापुट | 50 | 414 |
| | मल्कानगिरी | 36 | 189 |
| | मयूरभंज | 252 | 1228 |
| | नुआपाड़ा | 152 | 1162 |
| | पुरी | 315 | 1352 |
| | सुंदरगढ़ | 1352 | 7549 |
| पुदुचेरी | कराईकल | 1287 | 3354 |
| | पांडिचेरी | 1387 | 3521 |
| पंजाब | अमृतसर | 301 | 632 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | बरनाला | 81 | 345 |
| | बठिंडा | 5567 | 30963 |
| | फरीदकोट | 518 | 2390 |
| | फतेहगढ़ साहिब | 96 | 537 |
| | फाजिल्का | 153 | 774 |
| | फिरोजपुर | 224 | 1577 |
| | गुरदासपुर | 418 | 1610 |
| | होशियारपुर | 365 | 1866 |
| | जालंधर | 237 | 2322 |
| | कपूरथला | 9 | 19 |
| | लुधियाना | 391 | 2736 |
| | मलेरकोटला | 177 | 414 |
| | मानसा | 753 | 4546 |
| | मोगा | 312 | 1380 |
| | पठानकोट | 47 | 86 |
| | पटियाला | 127 | 546 |
| | रूपनगर | 195 | 680 |
| | एसएएस नगर | 1158 | 4973 |
| | संगरूर | 575 | 2209 |
| | श्री मुक्तसर साहिब | 57 | 301 |
| | तरनतारन | 127 | 542 |
| राजस्थान | अलवर | 277 | 1131 |
| | बारां | 80 | 408 |
| | भरतपुर | 586 | 5914 |
| | भीलवाड़ा | 168 | 1426 |
| | बीकानेर | 1602 | 10695 |
| | बूंदी | 1775 | 7708 |
| | दौसा | 1389 | 6061 |
| | जयपुर | 7299 | 44271 |
| | जैसलमेर | 71 | 673 |
| | झालावाड़ | 4204 | 12296 |
| | जोधपुर | 812 | 6788 |
| | खैरथल-तिजारा | 86 | 431 |
| | कोटा | 4024 | 20584 |
| | पाली | 733 | 5921 |
| | सिरोही | 25 | 43 |
| | टोंक | 3337 | 14449 |
| | उदयपुर | 613 | 3674 |
| सिक्किम | गंगटोक | 1297 | 10292 |
| | ग्यालशिंग | 841 | 7280 |
| | नामची | 1018 | 8036 |
| तमिलनाडु | चेंगलपट्टू | 2 | 4 |
| | चेन्नई | 1288 | 4929 |
| | कांचीपुरम | 159 | 981 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | कन्याकुमारी | 335 | 492 |
| | मदुरै | 434 | 1045 |
| | नागपट्टिनम | 277 | 1772 |
| | सलेम | 175 | 850 |
| | थेनी | 627 | 3196 |
| | तिरुनेलवेली | 60 | 252 |
| | वेल्लोर | 233 | 1153 |
| | विरुधुनगर | 147 | 641 |
| तेलंगाना | हैदराबाद | 1548 | 5388 |
| | कामारेड्डी | 668 | 4531 |
| | करीमनगर | 447 | 2885 |
| | खम्मम | 425 | 3847 |
| | कुमुराम भीम आसिफाबाद | 7 | 31 |
| | महबूबनगर | 442 | 2219 |
| | निजामाबाद | 828 | 4668 |
| | राजन्ना सिरसिला | 541 | 1294 |
| | रंगा रेड्डी | 1207 | 3673 |
| | वारंगल | 1369 | 11618 |
| | यदाद्रि भुवनगिरी | 98 | 235 |
| दादरा और नगर हवेली | दादरा और नगर हवेली | 1645 | 8878 |
| | दमन | 24 | 147 |
| | दीव | 237 | 2012 |
| त्रिपुरा | धलाई | 2146 | 11326 |
| | गोमती | 1233 | 5133 |
| | खोवाई | 1183 | 11650 |
| | उत्तर त्रिपुरा | 29 | 149 |
| | सिपाहीजाला | 116 | 521 |
| | दक्षिण त्रिपुरा | 1221 | 4788 |
| | ऊनाकोटि | 799 | 7381 |
| | पश्चिम त्रिपुरा | 3650 | 17652 |
| उत्तर प्रदेश | आगरा | 188 | 1028 |
| | अमेठी | 502 | 2826 |
| | औरैया | 226 | 1089 |
| | अयोध्या | 99 | 500 |
| | आजमगढ़ | 1074 | 7238 |
| | बागपत | 1120 | 7497 |
| | बहराइच | 668 | 7813 |
| | बलिया | 8282 | 49120 |
| | बलरामपुर | 122 | 276 |
| | बरेली | 3202 | 18576 |
| | बस्ती | 1422 | 10213 |
| | भदोही | 510 | 3762 |
| | बिजनौर | 742 | 3844 |
| | शाहजहांपुर | 427 | 2666 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | चंदौली | 123 | 226 |
| | चित्रकूट | 1797 | 10482 |
| | देवरिया | 3794 | 19426 |
| | एटा | 416 | 3711 |
| | इटावा | 348 | 1225 |
| | फर्रुखाबाद | 766 | 6570 |
| | फ़तेहपुर | 6198 | 32071 |
| | फिरोजाबाद | 944 | 4195 |
| | गौतम बुद्ध नगर | 1196 | 7910 |
| | गाजियाबाद | 597 | 3333 |
| | गाजीपुर | 2985 | 15438 |
| | गोंडा | 1049 | 8189 |
| | गोरखपुर | 5012 | 18881 |
| | हमीरपुर | 2941 | 19231 |
| | हरदोई | 246 | 1342 |
| | जालौन | 3498 | 15445 |
| | झांसी | 1098 | 5806 |
| | कन्नौज | 435 | 4315 |
| | कानपुर देहात | 1474 | 7604 |
| | कानपुर नगर | 15672 | 89053 |
| | कासगंज | 63 | 333 |
| | खेरी | 1879 | 8498 |
| | कुशीनगर | 1645 | 8968 |
| | ललितपुर | 357 | 5370 |
| | लखनऊ | 2227 | 12453 |
| | महोबा | 202 | 822 |
| | मैनपुरी | 105 | 487 |
| | मथुरा | 152 | 780 |
| | मऊ | 53 | 308 |
| | मेरठ | 669 | 3633 |
| | मिर्जापुर | 5448 | 20225 |
| | मुरादाबाद | 45 | 241 |
| | मुजफ्फरनगर | 345 | 1751 |
| | पीलीभीत | 1633 | 6959 |
| | प्रयागराज | 42042 | 220463 |
| | रामपुर | 137 | 777 |
| | संभल | 89 | 510 |
| | संतकबीरनगर | 1 | 4 |
| | शाहजहांपुर | 161 | 890 |
| | शामली | 255 | 1419 |
| | श्रावस्ती | 6338 | 37385 |
| | सिद्धार्थनगर | 767 | 3916 |
| | सीतापुर | 433 | 2777 |
| | सोनभद्र | 275 | 2112 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | सुल्तानपुर | 2808 | 16030 |
| | उन्नाव | 532 | 2529 |
| | वाराणसी | 3933 | 22140 |
| उत्तराखंड | अल्मोडा | 1100 | 6771 |
| | बागेश्वर | 1356 | 9909 |
| | चमोली | 199 | 629 |
| | चम्पावत | 228 | 1326 |
| | देहरादून | 1071 | 5240 |
| | हरिद्वार | 521 | 2660 |
| | नैनीताल | 518 | 2484 |
| | पिथोरागढ़ | 109 | 908 |
| | रुद्रप्रयाग | 331 | 3095 |
| | टिहरी गढ़वाल | 924 | 5481 |
| | उधम सिंह नगर | 292 | 1248 |
| पश्चिम बंगाल | दार्जिलिंग | 101 | 882 |
| | हुगली | 1214 | 6182 |
| | कोलकाता | 626 | 2772 |
| | मुर्शिदाबाद | 73 | 108 |
| | नादिया | 1838 | 7037 |
| | उत्तर 24 परगना | 1075 | 3707 |
| **कुल** | | **601405** | **3393842** |

****